**1) NJEDA ART कार्यक्रम क्या है?**

ART कार्यक्रम 10 मिलियन डॉलर का कुल वित्त पोषण स्रोत प्रदान करता है जिसे दो प्रोडक्ट्स में विभाजित किया जाएगा: एक रियल एस्टेट पुनर्वास और विकास के लिए और दूसरा सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण के लिए। रियल एस्टेट पुनर्वास, नए निर्माण और प्रत्येक परियोजना से जुड़ी विकास लागतों के लिए अनुदान के रूप में वित्तपोषण द्वारा अचल संपत्ति के विकास में सहायता करने के लिए 7 मिलियन डॉलर तक की योजना बनाई गई है। यह आवंटन समान रूप से नेवार्क और अटलांटिक सिटी (नेवार्क में परियोजनाओं के लिए 3.5 मिलियन डॉलर का अवार्ड और अटलांटिक सिटी में परियोजनाओं के लिए 3.5 मिलियन डॉलर) के बीच विभाजित किया जाएगा। कुल प्रोग्राम फंडिंग के तीस प्रतिशत (30%) (नेवार्क और अटलांटिक सिटी में प्रत्येक नगर पालिका को लगभग $1.5 मिलियन) का उपयोग सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण पहलों, जैसे प्लेसमेकिंग प्रोजेक्ट, सार्वजनिक कला प्रतिष्ठान, कला-आधारित प्लेसमेकिंग परियोजनाओं, साइनेज, और सड़कों की दृश्यावली में सुधार की सृष्टि में सहायता के लिए किया जाएगा।

**2) रियल एस्टेट पुनर्वास तथा विकास अनुदान पाने के लिए कौन से आवेदक पात्र होते हैं?**

गैर-लाभकारी आर्थिक विकास या पुनर्विकास एजेंसियां जो विकास या पुनर्विकास परियोजना को पूरा करने की क्षमता प्रदर्शित कर सकती हैं या समान स्कोप वाली परियोजनाओं को पूर्ण करने का अनुभव रखती हैं।

वाणिज्यिक संपत्ति के ऐसे स्वामी जो विकास और पुनर्विकास परियोजना को पूरा करने की क्षमता प्रदर्शित कर सकते हैं या समान स्कोप वाली परियोजनाओं को पूर्ण करने का अनुभव रखते हैं। निजी या गैर-लाभकारी डेवलपर्स जो विकास और पुनर्विकास परियोजना को पूरा करने की क्षमता प्रदर्शित कर सकते हैं, या समान स्कोप वाली परियोजनाओं को पूर्ण करने का अनुभव रखते हैं। कोई सरकारी संस्था आवेदन नहीं कर सकती है।

**3) सार्वजनिक स्थान अनुदानों के लिए आवेदक पात्र कौन हो सकते हैं?**

501 c (3) तथा 501 c (19) स्थिति वाले गैर-लाभकारी संगठन जिनकी सृष्टि समुदायों को समर्थन देने तथा और पुनर्जीवित करने के लिए की गई है। नगर पालिकाएँ तथा सरकारी संस्थाएं पात्र नहीं हैं।

**4) पात्र परियोजनाएं कहाँ लोकेटेड हो सकती हैं?**

सभी परियोजना लोकेशन्स को होना चाहिए:

नेवार्क शहर में और अटलांटिक सिटी शहर में और किसी सक्रिय न्यू जर्सी रेल ट्रांजिट स्टेशन के एक से डेढ़ मील के दायरे के रूप में परिभाषित वाणिज्यिक गलियारे में।

5) **मैं कैसे निर्धारित करूं कि मेरी परियोजना अटलांटिक सिटी या नेवार्क वाणिज्यिक कॉरिडोर में है?**

NJEDA का लोकेशन नक्शा आपको यह निर्धारित करने देगा कि आपका प्रोजेक्ट ART कार्यक्रम के लिए पात्र लोकेशन में है या नहीं। NJEDA Location Review App

**6) फंडस को कब तक आवंटित कर दिया जाना चाहिए?**

सभी ART फंडस को 31 दिसंबर 2024 तक आवंटित कर दिया जाना चाहिए।

**7) फंडस को कब तक व्यय कर दिया जाना चाहिए?**

सभी ART फंडस को 31 दिसंबर 2026 तक व्यय कर दिया जाना चाहिए।

**8) चूंकि यह कार्यक्रम की एक आवश्यकता है, आपको टैक्स क्लियरेंस प्रमाणपत्र कब मिल सकता है?**

अगर आप प्रीमियर बिज़नेस सर्विसेज़ के लिए पंजीकृत नहीं हैं, तब https://www16.state.nj.us/NJ_PREMIER_EBIZ/jsp/home.jsp पर प्रीमियर बिज़नेस सर्विसेज़ पोर्टल पर विज़िट करिए तथा New Users Only को चुनिये – एक नए अकाउंट को बनाइये तथा नए अकाउंट की सृष्टि के लिए निर्देशों का पालन करिए।

अगर आप पहले से ही प्रीमियर बिज़नेस सर्विसेज़ के लिए पंजीकृत हैं, तब https://www16.state.nj.us/NJ_PREMIER_EBIZ/jsp/home.jsp पर लॉग-इन करिए। Tax & Revenue Center पर जाइए और Business Incentive Tax Clearance को चुनिये। यदि आपका अकाउंट अपने टैक्स दायित्वों का अनुपालन करता होगा और कोई देनदारी मौजूद नहीं होगी, तो Business Incentive Tax Clearance सीधे पोर्टल के माध्यम से मुद्रित की जा सकती है।

अपने अकाउंट से सम्बद्ध प्रश्न सीधे NJ ट्रेज़री को 609-292-9292 पर या Integrated-Registration.Admin@treas.nj.gov पर Premier Services Registration को ईमेल भेज कर भेजे जा सकते हैं।

**9) क्या बेनीफिट्स के दोहराव की समीक्षा होती है?**

हाँ, सभी परियोजनाओं को बेनीफिट्स के दोहराव की समीक्षा की आवश्यकता यह सुनिश्चित करने के लिए होती है कि सार्वजनिक धन का उपयोग एक ही परियोजना के खर्चों के तो नहीं किया जा रहा है।

**10) प्रति शहर प्रति परियोजना न्यूनतम अनुरोधित अवार्ड क्या है?**

रियल एस्टेट पुनर्वास तथा विकास प्रोडक्ट तथा सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण प्रोडक्ट दोनों के लिए न्यूनतम अवार्ड निवेदन 250,000 डॉलर है।

## 11) प्रति शहर प्रति परियोजना अधिकतम अनुरोधित अवार्ड क्या है?

रियल एस्टेट पुनर्वास तथा विकास प्रोडक्ट के लिए अधिकतम अवार्ड है 3,500,000 डॉलर तथा सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण प्रोडक्ट के लिए अधिकतम अवार्ड है 1,500,000 डॉलर।

## 12) क्या होगा यदि पुरस्कार दूसरे या अगले उच्चतम स्कोरिंग आवेदक के लिए फंडिंग गैप को कवर नहीं करता होगा?

यदि अगले रैंक वाले आवेदक (जिसने न्यूनतम स्कोर से ऊपर स्कोर किया है) को पूरी तरह से वित्त पोषित नहीं किया जा सकता होगा, तब NJEDA कर्मचारी उस आवेदक को उस उपलब्ध राशि के बारे में सूचित करेंगे जिसे उसको अवार्ड किया जा सकता होगा।

आवेदक के पास अनुदान की राशि को स्वीकार करने के लिए और आशय पत्र, प्रतिबद्धता पत्र, बैंक स्टेटमेंट, या किसी अन्य साधन का उपयोग करके अतिरिक्त फ़ंडिंग का प्रमाण उपलब्ध कराने के लिए कि परियोजना को अभी भी पूरा किया जा सकता है नोटिस की तारीख से 15 कार्य दिवस होंगे।

यदि आवेदक उपलब्ध राशि को स्वीकार नहीं करने का निर्णय करता है या अतिरिक्त फ़ंडिंग की पहचान परियोजना को पूर्ण करने के लिए नहीं करता है, तब आवेदन अपूर्ण होगा तथा NJEDA द्वारा उसे वापस लिया गया माना जाएगा।

अगर आवेदक को कोई अवार्ड नहीं दिया जाता है, तब NJEDA उसी प्रक्रिया से अगले उच्चतम स्कोर वाले आवेदक (न्यूनतम स्कोर से अधिक) की ओर बढ़ेगा।

इस पूरी प्रक्रिया में, आवेदक को अपनी परियोजना परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि उससे स्कोरिंग प्रभावित होगी।

## 13) रियल एस्टेट के लिए अवार्ड्स किस प्रकार से संवितरित किए जाते हैं?

रियल एस्टेट पुनर्वास और विकास कार्यक्रम के अंतर्गत, आवेदकों को उनके AIA दस्तावेज़ के माध्यम से प्रदर्शित परियोजना के 50% पूरा होने पर कुल अवार्ड राशि का 50% का एक संवितरण प्राप्त होगा। दूसरा संवितरण तब होगा जब आवेदक ऑक्यूपेन्सी का प्रमाण पत्र और पूर्णता का प्रमाण प्रदान कर सकता होगा।

## 14) सार्वजनिक स्थान के लिए अवार्ड्स किस प्रकार से संवितरित किए जाते हैं?

सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदक को अनुदान समझौते के निष्पादन पर पूर्ण अनुदान राशि प्राप्त हपो जाएगी। आवेदक को परियोजना के पूरा होने तक त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते रहने की आवश्यकता होगी।

## 15) क्या ये कार्यक्रम प्रचलित वेतन को ट्रिगर करते हैं?

हां, अनुदान राशि के उपयोग के आधार पर ART प्रोग्राम फंडिंग सभी रियल एस्टेट परियोजनाओं और चयनित सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण परियोजनाओं में प्रचलित मजदूरी को ट्रिगर कर सकती है।

**16) अगर मुझे NJEDA से पिछली सहायता मिली है तब क्या मैं आवेदन करने के लिए पात्र हूँ?**
हाँ, आवेदक फ़ंडिंग के पात्र तब भी हैं जब उन्हें पिछली NJEDA सहायता प्राप्त हुई हो।

**17) क्या मुझे इस कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए अटलांटिक सिटी या नेवार्क में निवास करने की बाध्यता है?**
नहीं, आवेदक नेवार्क या अटलांटिक सिटी के बाहर भी निवास कर सकते हैं या कॉर्पोरेट ऑपरेशन्स कर सकते हैं। हालांकि, परियोजना लोकेशन्स अटलांटिक सिटी तथा नेवार्क वाणिज्यिक कॉरीडोर तक ही सीमित हैं।

**18) क्या होगा यदि में परियोजना को पूर्ण नहीं कर पाऊँगा?**
फेडरल दिशानिर्देशों के अनुसार फंड्स को 31 दिसंबर 2026 तक पूरी तरह से खर्च हो जाना चाहिए। अगर आवेदक परियोजना को पूरा नहीं कर पाएगा तब उनके अनुदान फंड्स को रीकैप्चर कर लिया जाएगा।

**19) इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए मेरे पास कितना अनुभव होना चाहिए?**
रियल एस्टेट या के विकास के लिए, आवेदकों को लाभकारी, गैर लाभकारी डेवलपर होना चाहिए या विकास और पुनर्विकास परियोजना को पूरा करने के लिए प्रदर्शित क्षमता वाले वाणिज्यिक संपत्ति का स्वामी होना चाहिए या समान स्कोप वाली परियोजनाओं का अनुभव होना चाहिए।

सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण के लिए, आवेदकों को पूर्व अनुभव होने की आवश्यकता नहीं है मगर परियोजना का पिछला अनुभव तथा आगे बढ्ने के लिए तैयारी स्कोरिंग के प्रमुख घटक होते हैं।

**20) यदि यह मेरी पहली परियोजना है, तब क्या मैं उस स्थिति में आवेदन कर सकता हूँ यदि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ पार्टनर हूँ जिसने इस कार्यक्रम के समान किसी परियोजना को पूरा किया है?**
आवेदक पार्टनर्स के साथ आवेदन कर सकते हैं। प्रमुख घटकों के रूप में स्कोरिंग घटक, प्रदर्शित पूर्व परियोजना टीम अनुभव और आगे बढ़ने की तैयारी का विश्लेषण करते ही हैं।

**21) क्या मुझे टैक्स रिटर्न या वेतन स्टब्स उपलब्ध कराने होंगे?**
नहीं।

**22) यदि शासन के साथ मेरे संबंध अच्छे नहीं है, तब क्या इससे मेरी पात्रता प्रभावित होगी?**

हाँ, आवेदन करते समय किसी भी EDA अनुदान फ़ंडिंग के अवार्ड पाने वालों के संबंध NJ के ट्रेज़री-टैक्सेशन, श्रम, तथा पर्यावरण सुरक्षा विभाग से अच्छे होने चाहिए।

**23) आवेदन के बाद क्या होता है?**

आवेदन 60 कार्य दिवसों की अवधि में स्वीकार किए जाएंगे। मूल्यांकन के लिए स्कोरिंग समिति को भेजे जाने से पहले पूर्णता के लिए आवेदनों का मूल्यांकन किया जाएगा। पूर्णता मूल्यांकन आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवेदनों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा केवल यह सुनिश्चित करने के लिए होगी कि दस्तावेज़ मौजूद है। पूर्णता मूल्यांकन, दस्तावेज़ सामग्री की समीक्षा नहीं करेगा। यदि

आवश्यक हो, दस्तावेज गायब पाए जाते हैं, तो आवेदकों को पांच (5) कार्य दिवस की अवधि दी जाएगी, जिसमें वे लापता दस्तावेजों के मुद्दों को ठीक करा सकेंगे।

पूर्ण आवेदन तब समिति और कर्मचारियों द्वारा स्कोरिंग के लिए आगे की ओर बढ़ेंगे। कर्मचारी गैर-विवेकाधीन मानदंड स्कोर करेंगे। NJ EDA SME's की एक स्कोरिंग कमेटी विवेकाधीन मानदंड के साथ सभी प्रश्नों का स्कोर करेगी। अंकों को संकलित किया जाएगा और अनुमोदन और अवार्ड के लिए बोर्ड को अनुशंसित किया जाएगा। अवार्ड की संस्तुतियाँ स्कोरिंग क्रम में की जाएंगी और अवार्ड के लिए उच्चतम स्कोरिंग प्रस्ताव की संस्तुति की जाएगी। स्कोरिंग मानदंड के आधार पर अवार्ड के लिए संस्तुतियों के साथ शेष फंडिंग पूल के आधार पर शेष संस्तुतियां की जा सकती हैं।

**24) क्या कोई न्यूनतम स्कोर है?**

अनुमोदन और अवार्ड के लिए बोर्ड को अनुशंसित सभी परियोजनाओं को संभावित 100 में से 65 अंकों के न्यूनतम स्कोर या उससे अधिक प्राप्त करना होगा।

**25) यदि मैं 5-कार्य दिवस विंडो में अपने अनुवर्ती दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं करा पाऊँगा तो क्या होगा?**

आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा आवेदक द्वारा एक अस्वीकारण पत्र प्राप्त किया जाएगा जिससे उसे 3 कार्य दिवसों में अपील दायर करने की क्षमता प्राप्त होगी।

**26) यदि मैं एक लाभकारी आवेदक हूँ तब आवेदन शुल्क क्या होगा?**

आवेदन के समय 1,000 डॉलर का शुल्क आवश्यक है और यह रियल एस्टेट और सार्वजनिक स्थान सक्रियकरण कार्यक्रम दोनों के लिए अप्रतिदेय है।

**27) यदि मैं एक ग़ैरलाभकारी आवेदक हूँ तब आवेदन शुल्क क्या होगा?**

गैर-लाभकारी संस्थाएं आवेदन के समय अनुचित कठिनाई शुल्क माफ़ी के लिए आवेदन कर सकती हैं। यदि राजस्व, व्यय से (पंक्ति 19) 500,000 डॉलर से कम या उसके बराबर है और शुद्ध संपत्ति/निधि शेष (पंक्ति 22) 1,000,000 डॉलर से कम या उसके बराबर है, तो अनुचित कठिनाई के लिए शुल्क छूट को गैर-लाभकारी संस्था के अद्यतन 990 फॉर्म के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है।

**28) क्या आवेदक को परियोजना के अनुमानित लागत पेश करनी पड़ेगा?**

हां, आवेदक को अनुमानित लागत या अंतिम व्यापार भुगतान विवरण प्रस्तुत करना पड़ेगा। परियोजना के ठेकेदार को NG में पंजीकृत होना चाहिए और सार्वजनिक कार्य करने का अधिकार होना चाहिए।